तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 5 मई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 दिशा समिति की बैठक में केंद्रीय योजनाओं की गहन समीक्षा



13 डाइट में पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू एनईपी ...




## खबर संक्षेप

### आधी रात कॉलोनी में संदिग्ध युवक के घूमने से दहशत



**साजा।** नगर में रविवार को आधी रात एक रिहायशी कालोनी में अंजान युवक के बार बार चक्कर लगाने से कॉलोनी वाले दहशत में आ गए। आधी रात को मुंह बांधकर मोटरसाइकिल में घूम रहे व्यक्ति को लेकर पूरे कॉलोनी में सनसनी फैल गई। कुछ देर बाद युवक गाड़ी खड़ी कर खेतों की ओर चला गया। जैसे-तैसे हिम्मत जुटा कर कालोनी के विनय शर्मा ने उसकी गाड़ी चेक की, उसमें एक कछुआ था, लेकिन आदमी नजर नहीं आया। उसने इसकी सूचना थाने में दी, लेकिन बल के अभाव में पुलिस जांच के लिए नहीं पहुंच सकी, जिसे लेकर लोगों में नाराजगी देखी गयी। सुबह भी पुलिस ने मामले के संबंध कोई जानकारी नहीं ली। कालोनी थाने के पीछे ही है। घटना सीसी कैमरे में नजर आ रही है, जिसमें युवक और उसकी मोटरसाइकिल साफ नजर आ रही। आखिर वह क्यों आया, क्या किया और कौन था, यह सभी सवाल लोगों के मन में उठ रहा है।

### स्कूल से 70 हजार का सामान पार

**भिलाई।** स्कूल का ताला तोड़कर सामान पार करने का मामला सामने आया है। घटना रानीतराई थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला केसरा की प्राचार्य प्लाट नंबर 626/7 अवधपुरी रिसाली निवासी प्रतिमा मौर्य ने शिकायत किया है।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर बेमेतरा में जश्न

# तुष्टिकरण की राजनीति को नकार, विकास को मिला समर्थन: सांसद विजय बघेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर जिला मुख्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अभूतपूर्व उत्साह के साथ जश्न मनाया। शहर के प्रमुख स्थल

- मंत्री, सांसद व पदाधिकारियों ने इसे जनता के विश्वास की जीत बताया, विकास और सुशासन की नीति को मिला समर्थन

सिग्नल चौक पर मंत्री दयाल दास बघेल, सांसद विजय बघेल, विधायक दीपेश साहू एवं जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिश बाजी की और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी साझा की। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भारत माता की जय और "वंदे मातरम्" के नारों से वातावरण गूंज उठा। भाजपा की जीत की खबर मिलते ही कार्यकर्ता सिग्नल चौक पर एकत्रित होने लगे। नृत्य किया और पटाखों की गूंज से आसमान जगमगा उठा। युवाओं से लेकर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं तक में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कई स्थानों पर मिठाइयां बांटी गईं और राहगीरों को भी जीत की खुशी में शामिल किया गया।

**जनता ने विकास, सुशासन और राष्ट्रहित को चुना: मंत्री दयाल दास बघेल:** मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए भाजपा की नीतियों, प्रधानमंत्री के नेतृत्व और पार्टी की विचारधारा पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि यह जीत देश में सकारात्मक राजनीति, पारदर्शिता और जनकल्याणकारी योजनाओं की स्वीकार्यता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है, और इसी का परिणाम है कि जनता बार-बार भाजपा को आशीर्वाद दे रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत उन्हें और अधिक जिम्मेदारी के साथ जनता की सेवा करने के लिए प्रेरित करती है।

सांसद विजय बघेल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में मिली जीत पूरे देश के लिए एक संदेश है कि अब जनता तुष्टिकरण और परिवारवाद की राजनीति से ऊपर उठकर विकास, सुरक्षा और सुशासन को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश तेजी से प्रगति कर रहा है और भाजपा की नीतियों पर जनता का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। सांसद ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इसी ऊर्जा और समर्पण के साथ संगठन को और मजबूत करने में जुटे रहें।

### कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की ताकत का परिणाम: अजय साहू

जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि यह ऐतिहासिक जीत भाजपा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत, समर्पण और जनता के अपार समर्थन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा और संगठनात्मक मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है, जिससे लोगों का विश्वास और अधिक मजबूत हो रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत आने वाले चुनावों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं आम नागरिक शामिल हुए इनमें जिला पंचायत सदस्य अंजू बघेल, प्रणीश रजक ,विजय वर्मा ,मोंटी साहू ,दीपक मोटवानी, विनय साहू ,गौरव यदु ,नागेश साहू ,अभिनव ठाकुर ,करन साहू ,रुद्राक्ष शर्मा ,हेतुल्य सिंह ठाकुर ,रवि वर्मा ,बीरेंद्र साहू , शिवराज यदु ,हन्नी यादव ,योगेश वर्मा ,हिमांशु वर्मा ,जितेंद्र साहू ,सोनू वर्मा, उमेश्वरी साहू ,नीलू राजपूत शामिल रहे।

# यातायात नियम तोड़ने पर पुलिस सख्त 100 वाहन चालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन

- 33 मामलों में 9,900 रुपये जुर्माना, 67 प्रकरण न्यायालय भेजे गए

करने वाले कुल 100 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई में 33 प्रकरणों में मौके पर ही 9,900 रुपये का समन शुल्क वसूला गया, जबकि 67 मामलों को न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस द्वारा चलाए गए इस अभियान के तहत बिना हेलमेट वाहन चलाना, तीन सवारी बैठाना, सीट बेल्ट का उपयोग न करना, तेज गति से वाहन चलाना, भारी वाहनों में नियमों की अनदेखी, दोपहिया वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग तथा शराब सेवन कर वाहन चलाने जैसे गंभीर उल्लंघनों पर विशेष ध्यान देते हुए कार्रवाई की गई। अभियान के अंतर्गत थाना बेमेतरा में 9, नवागढ़ में 7, नांदघाट में 6, दाढ़ी में 12, खम्हरिया में 13, साजा में 6, परपोडी में 12, चंदनू में 7 चालान किए गए। वहीं चौकी खंडसरा में 6, मारो में 5, कंडरका में 3, देवरबीजा में 9 तथा संबलपुर में 5 चालान किए गए। इस प्रकार कुल 100 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की गई। इन मामलों में तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, मालवाहक में सवारी

▶▶| शेष पेज 13 पर







# 75 दिन बाद भी जांच नहीं,अमानक निर्माण, एनजीटी नियमों के उल्लंघन और प्रदूषण के आरोप

## देवकर में सीसी रोड निर्माण पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

नगर पंचायत देवकर के वार्ड क्रमांक 03 में शीतला मंदिर तालाब किनारे बनाए जा रहे सीमेंट कंक्रीट (सीसी) रोड निर्माण कार्य में अनियमितताओं की शिकायत सामने आई है। गंभीर आरोपों के बावजूद 75 दिन बीत जाने के बाद भी न तो जांच आदेश जारी हुआ है और न ही किसी प्रकार की ठोस कार्यवाही नजर आई है। इससे जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे ने निरीक्षण के दौरान पाया कि निर्माण कार्य में अमानक स्तर की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही, पर्यावरण से जुड़े नियमों की अनदेखी भी सामने आई। आरोप है कि तालाब किनारे निर्माण कार्य में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया गया। मामले की लिखित शिकायत मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दी गई, लेकिन वहां से कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 23 फरवरी को जिला कलेक्टर से मिलकर भी शिकायत दर्ज कराई गई। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने उस समय "चेक करवाती हूं" कहकर आश्वासन दिया, लेकिन अब तक जांच शुरू नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार, यह मामला मंत्रालय स्तर तक भी पहुंचाया गया है, लेकिन इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। लगातार देरी से प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठने लगे हैं।

### सख्त निर्देश

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर "जीरो टॉलरेंस" की नीति अपनाने और कलेक्टरों को सख्त कार्रवाई के निर्देश देने के बावजूद देवकर मामले में कोई प्रभाव नजर नहीं आ रहा है।


17 लाख की सीसी रोड दो महीने में चटकी, शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं

### 10 लाख का भुगतान, सड़क दो महीने में दरकी

बताया जा रहा है कि इस निर्माण कार्य को दो चरणों में पूरा किया गया और ठेकेदार को करीब 10 लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया गया है। लेकिन भुरभुरी काली मिट्टी पर बनाए गए सीसी रोड में महज दो महीने के भीतर ही दरारें पड़ने लगी हैं, जिससे निर्माण गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं । नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे का कहना है कि उन्हें न्याय मिलने की उम्मीद है, लेकिन अब पूरा मामला जिला प्रशासन की भूमिका पर निर्भर है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं होती, तो आगे आंदोलन या अन्य कदम उठाए जा सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### दो गांजा तस्कर पुलिस की पकड़ में, की गई कार्रवाई

**भिलाई।** गांजा तस्करी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर इंदिरा नगर पाटन एवं ग्राम खोपली मचांदुर में घेराबंदी कर इंदिरा नगर पाटन निवासी जितेश यादव उर्फ जीतू, ग्राम खोपली मचांदुर, चन्द्रहास देशलहरे उर्फ चिंटू को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से पुलिस ने नगदी रकम और मोबाइल जब्त किया गया। कार्रवाई में उतई थाना प्रभारी महेश ध्रुव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है। दुर्ग पुलिस आम नागरिकों से अपील किया है कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सहयोग करें। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना मिलने पर पुलिस को दें।

### नीट यूजी के 21 केंद्रों में 7322 ने दी परीक्षा



**भिलाई।** रविवार को नीट यूजी-2026 परीक्षा आयोजित की गई। ट्विनसिटी के 21 परीक्षा केंद्रों पर करीब 7500 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होने वाले थे लेकिन देरी से पहुंचने की वजह से सैकड़ों अभ्यर्थी प्रवेश नहीं पा सके और उन्हे मायूस लौटना पड़ा। इस बार 7322 हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। 178 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। खास बात यह है कि व्यापमं ने पेपर लीक जैसी घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाने डिजिटल लॉक और जीपीएस आधारित सुरक्षा प्रणाली लागू की गई। प्रश्नपत्रों को खास पेटियों में सुरक्षित रखा गया था जिनमें जीपीएस लॉक लगा रहा। ये लॉक एनटीए मुख्यालय दिल्ली से ऑनलाइन नियंत्रित हुआ। उसे निर्धारित समय पर खोलकर कक्षों में भेजा गया।

### ट्रक की टक्कर से एक छात्रा की मौत, दो की हालत गंभीर

**भिलाई।** तेज रफ्तार ट्रक चालक ने जुपिटर सवार तीन स्कूली छात्रा को चपेट में लिया। घटना में छात्राएं घायल हो गई है। उपचार के लिए अस्पताल लेकर जाया गया, जहां एक छात्रा की मौत हो गई है।



जामुल पुलिस ने बताया कि घासीदास नगर के पास ट्रक चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जुपिटर सवार प्रीति, लक्ष्मी, हिमानी को पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में प्रीति कुमारी की मौत हो गई है। वही लक्ष्मी और हिमानी घायल है। चालक को पुलिस ने पकड़ लिया है। तीनों छात्राएं नालंदा स्कूल में पढ़ाई करती है। जामुल के पास जूस दुकान में रुक कर तीनों जूस भी पिया था। उसके बाद अपनी सहेली हिमानी को छोड़ने के लिए जामुल की ओर जा रहे थे। तभी हादसा होना बताया गया है। घटना की खबर लगते ही आसपास के लोगों को भीड़ लग गई थई। ट्रक चालक ठोकर मारकर फरार हो गया था। उसे दो किमी तक पीछे कर पकड़ा गया है। हादसे की जानकारी लगने के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। लोगों का कहना है कि वाहनों की रफ्तार के कारण रोज हादसे हो रहें हैं। सड़क दुर्घटनाओं में लगातार जाने जा रहीं हैं।

## बैठक

# दिशा समिति की बैठक में केंद्रीय योजनाओं की गहन समीक्षा

### सांसद बघेल ने तय की जवाबदेही समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दिशा (जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा की गई और अधिकारियों को जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल, विधायक दीपेश साहू सहित जनप्रतिनिधि, कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं,एडीजी रामकृष्ण साहू, जिला पंचायत सीईओ सुश्री प्रेमलता पद्माकर, अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सांसद विजय बघेल ने सभी विकास कार्यों को तय समयसीमा में पूर्ण करने पर जोर देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को आम जनता के प्रति संवेदनशील रहते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और चुनौतियों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। बैठक में सांसद ने स्पष्ट किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता अनिवार्य है और किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे केवल आंकड़ों तक सीमित न रहें, बल्कि जमीनी स्तर पर कार्यों की वास्तविक प्रगति सुनिश्चित करें।

■ पारदर्शिता बनाए रखने और अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के सख्त



### स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण पर भी नजर

बैठक में स्वास्थ्य विभाग से आयुष्मान कार्ड, टीकाकरण, बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण और कुपोषण की स्थिति की जानकारी ली गई। शिक्षा विभाग को स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं, शिक्षक उपलब्धता, गणवेश-पुस्तक वितरण और जर्जर भवनों की मरम्मत के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। सांसद विजय बघेल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में जिले के राज्य स्तर पर तीसरे स्थान पर आने पर अधिकारियों की सराहना की और अन्य योजनाओं में भी इसी तरह प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। बैठक के अंत में सांसद ने अधिकारियों को पूरी जवाबदेही के साथ कार्य करने और जनप्रतिनिधियों को योजनाओं की मॉनिटरिंग में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योजनाओं का उद्देश्य जनता का आर्थिक सशक्तिकरण है, इसलिए हर पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

### जल जीवन मिशन, आवास और मनरेगा पर फोकस

बैठक में जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की प्रगति की समीक्षा की गई। सांसद ने जल संरक्षण और संवर्धन के लिए जनसहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया और भविष्य में जल संकट की आशंका को लेकर चेताया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराने और निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही मनरेगा के माध्यम से रोजगार सृजन और कृषि योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर भी चर्चा हुई। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पीएम किसान सम्मान निधि में अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने पर बल दिया गया। खाद्य विभाग को सभी राशन कार्डधारकों को नियमित रूप से खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनप्रतिनिधियों ने राशन दुकानों के अनियमित संचालन की शिकायत भी उठाई, जिस पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए गए।

# बोर खनन पर प्रतिबंध बेअसर, जिले में धड़ल्ले से चल रहा अवैध कारोबार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

गिरते जलस्तर को देखते हुए जिलाधीश द्वारा पूरे जिले में बोर खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन यह आदेश जमीनी स्तर पर प्रभावी होता नजर नहीं आ रहा। अंचल में खुलेआम अवैध बोर खनन का कारोबार जारी है, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

दर्जनों मशीनें सड़कों पर सक्रिय जानकारी के अनुसार प्रतिदिन दर्जनभर से अधिक बोरिंग मशीनें सड़कों पर संचालित हो रही हैं। जिले के विभिन्न गांवों से अवैध खनन की लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। सोशल मीडिया पर भी इसके वीडियो वायरल हो रहे हैं, बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करते नजर नहीं आ रहेअब तक प्रशासन द्वारा केवल एक वाहन पर कार्रवाई की गई है, जबकि अन्य अवैध संचालकों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि माफियाओं को खुला संरक्षण मिल रहा है। दूरस्थ क्षेत्रों में कानून बेअसर जिले के अंतिम छोर के गांवों-विरनपुर, ढांप और कोगियाकला-में खुलेआम बोर खनन किया जा रहा है। इन क्षेत्रों में प्रशासनिक नियंत्रण कमजोर होने से अवैध गतिविधियां और अधिक बढ़ गई हैं। ईंधन आपूर्ति पर भी सवाल प्रतिदिन इन मशीनों में हजारों रुपए का ईंधन भरा जा रहा है। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि प्रतिबंधित गतिविधियों में लगी गाड़ियों को ईंधन कैसे उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अवैध बोर खनन पर सख्ती से रोक लगाने, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो जलस्तर और अधिक गिर सकता है, जिससे भविष्य में गंभीर जल संकट उत्पन्न हो सकता है।

# 4 साल बाद भी शौचालय अधूरा ताला जड़ा, सेफ्टी पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



साजा जनपद के ग्राम पंचायत गर्रा में विकास कार्यों के दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। पंचायत क्षेत्र में 15वें वित्त, मनरेगा और स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के तहत लगभग 4.40 लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे व्यवसायिक परिसर सह शौचालय का निर्माण चार साल बाद भी अधूरा पड़ा है। कागजों में काम पूरा दिखाया गया है, जबकि जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। स्थानीय लोगों के अनुसार शौचालय भवन अधूरा होने के कारण उसमें ताला जड़ा हुआ है, जिससे ग्रामीण इसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि शौचालय का सेप्टिक टैंक खुला छोड़ दिया गया है। यह किसी भी समय दुर्घटना का कारण बन सकता है, खासकर बच्चों और मवेशियों के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है। सुरक्षा मानकों की अनदेखी स्पष्ट रूप से नजर आ रही है।

**दस्तावेजों में पूर्ण, धरातल पर अधूराः** जानकारी के मुताबिक इस कार्य को वर्ष 2021 में स्वीकृति मिली थी। निर्माण पट्टिका और दस्तावेजों में 21 दिसंबर 2025 तक कार्य पूर्ण दिखाया गया है, लेकिन मौके पर निर्माण अधूरा है। इससे निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और निगरानी पर सवाल खड़े हो रहे हैं।नियमों को दरकिनार कर किए गए इस निर्माण से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

■ गर्रा पंचायत में 4 .40 लाख का 'सफेद हाथी',

### सरपंच ने दी सफाई, पुराना कार्य, जल्द होगा पूर्ण

इस संबंध में ग्राम पंचायत की सरपंच रुक्मणि रमेश गायकवाड़ ने कहा कि यह कार्य पिछले कार्यकाल का है और अभी कुछ काम शेष है। पंचायत प्रशासन द्वारा इसे जल्द पूर्ण कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# गर्मी में पुलिस बनी राहत का सहारा थाना-चौकियों में शुरू हुए प्याऊ घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भीषण गर्मी, तेज धूप और लू के प्रकोप के बीच बेमेतरा पुलिस ने आमजन को राहत देने के लिए सराहनीय पहल की है। पुलिस उप महानिरीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देशन में जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी परिसरों में प्याऊ घर संचालित किए जा रहे हैं।

इस पहल के तहत थाना चंदनू एवं पुलिस चौकी कंडरका सहित अन्य थाना-चौकियों में ठंडे और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की गई है। इन प्याऊ घरों के माध्यम से राहगीरों, वाहन चालकों और थाना-चौकी आने वाले आम नागरिकों को गर्मी से राहत मिल रही है। भीषण गर्मी के चलते लोगों को लू और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में पुलिस द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा ठंडा पेयजल लोगों के लिए राहत का बड़ा साधन बन रहा है। पुलिस की इस मानवीय पहल को क्षेत्रवासियों द्वारा खूब सराहा जा रहा है। लोगों का कहना है कि इस तरह के प्रयास न केवल जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण हैं, बल्कि पुलिस और आम जनता के बीच विश्वास और सहयोग को भी मजबूत करते हैं। बेमेतरा पुलिस का यह प्रयास दर्शाता है कि कानून-व्यवस्था के साथ-साथ जनसेवा के प्रति भी पुलिस पूरी तरह संवेदनशील है। भीषण गर्मी के इस दौर में यह पहल लोगों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है।

■ राहगीरों व आम नागरिकों को मिल रहा ठंडा पेयजल, पुलिस की पहल की हो रही सराहना




# अखिल भारतीय क्षत्रिय कुर्मी महासभा की प्रथम बैठक और परिचय सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अखिल भारतीय क्षत्रिय कुर्मी महासभा बेमेतरा जिला इकाई द्वारा रविवार को स्थानीय रेस्ट हाउस में प्रथम बैठक एवं परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और संगठन को मजबूत बनाने के लिए विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सर्व कुर्मी समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश वर्मा उपस्थित रहे। वहीं जिला अध्यक्ष प्रज्वल वर्मा के नेतृत्व में नवनियुक्त पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने अपना परिचय देते हुए संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। बैठक में संगठन की आगामी रूपरेखा एवं कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इसी क्रम में जिला महामंत्री पद पर पोषण वर्मा, दुर्गेश वर्मा, जितेंद्र वर्मा एवं नागेश्वर वर्मा की नियुक्ति की घोषणा की गई। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का जिला अध्यक्ष सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुई। इसके पश्चात उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने संगठन को सशक्त बनाने तथा समाजहित में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि योगेश वर्मा ने अपने संबोधन में समाज को संगठित रखने, युवाओं को सही दिशा देने एवं संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने पर जोर दिया। वहीं जिला अध्यक्ष प्रज्वल वर्मा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए जमीनी स्तर पर सक्रिय रहने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने उत्साहपूर्वक एक-दूसरे का परिचय प्राप्त किया और आयोजन की सफलता पर खुशी जताते हुए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजकों ने भी समाजजनों से भविष्य में इसी तरह सक्रिय सहभागिता बनाए रखने की अपील की।

■ नवीन पदाधिकारियों का हुआ परिचय, संगठन की मजबूती और समाजहित में कार्य का लिया संकल्प

# पराली जलाने पर रोक के बावजूद साजा में बढ़ी आगजनी, क्षेत्र में हुई 20 से अधिक घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

जिलाधीश द्वारा पराली नहीं जलाने के सख्त निर्देशों के बावजूद साजा क्षेत्र में आगजनी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। हालात यह हैं कि मानो शहर में आग लगाने की होड़ सी मच गई हो। पिछले एक पखवाड़े में ही 20 से अधिक आगजनी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे आमजन में भय का माहौल बना हुआ है।

शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में भड़की आग

जनपद रोड, पेट्रोल पंप के पास, बिजली ऑफिस के समीप तथा मोहतरा रोड में भीषण आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं। विद्युत मंडल के पास पराली जलाए जाने से अफरा-तफरी मच गई, जिसके बाद अधिकारियों ने तत्काल फायर ब्रिगेड बुलाकर आग पर काबू पाया।

**प्रशासन की निष्क्रियता पर उठे सवालः** लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई नहीं किए जाने से लोगों में नाराजगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोई भी जिम्मेदार अधिकारी घटनास्थल का निरीक्षण करने तक नहीं पहुंचता, जिससे आदेशों का पालन नहीं हो पा रहा है।



### ग्रामीण क्षेत्रों में भी दहशत

दो दिन पूर्व ग्राम भरदा में लगी भीषण आग से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। पास के गांव बरगड़ा और भरदा के लोग पूरी रात खेतों में जुटे रहे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### बड़ी घटना की आशंका

बीते सप्ताह जनपद क्षेत्र में पराली जलाने से एक महिला सचिव का घर चारों ओर से आग की चपेट में आ गया था। हालांकि परिवार की सतर्कता से बड़ी घटना टल गई, लेकिन खतरा अभी भी बना हुआ है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### पर्यावरण को भी नुकसान

लगातार आगजनी की घटनाओं से पक्षियों की मौत हो रही है और हरे-भरे पेड़ भी जलकर नष्ट हो रहे हैं। इसके बावजूद संबंधित विभागों द्वारा सख्ती नहीं बरती जा रही, जो बेहद चिंताजनक है।




